B.A.-IInd Year (CBCS Pattern) Semester - IV

BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 GUG/S/23/12067

Time : Three Hours * 2 1 1 0 * Max. Marks : 80

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

i) 'छात्रों का आंदोलन' इस विषय पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के विचार स्पष्ट किजिए।

अथवा

ii) राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के काव्यगत विशेषताओं को लिखिए।

2. **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या किजिए। **20**

समूह- 'अ'

क) धीरज बड़ा ही मित्र है, हर आदमी को तारता।
सतसंग ऊपर हो अगर, तो जनम ही उध्दारता॥
जो आततायी से करे, तो व्यवहार दु:ख वह पायेगा।
जो शांतिसेवक बन सके, वह कभी न धोखा खायेगा॥

ख) भागो नहीं संसार से, त्यागों नहीं व्यवहार को।
जागो सदा ही आत्मा में, काटो सदा मझधार को।
सच्चे रहो अच्छे रहो, मिलके रहो समुदाय से
निर्लेप रहकर भोग लो, आनंद सुख सद्‌भाव से।

ग) जो आज के है छात्र वे ही, देश के आधार है।
उनको बताओं आज तक का, क्या रहा व्यापार है।
परदेशियों को साथ लेकर, घर सभी बतलाओगे।
तब क्या तुम्हारी शक्ति है, जो देश धर्म बचाओगे।

घ) यह धर्म राजा का नहीं, शत्रु से करना मित्रता।
टक्कर से टक्कर भेजना, शासक की है आदर्शता।
जो शत्रु पे करता दया, उसकी प्रजा दु:खी रहे।
सच्ची दया तो हैं यही, ना शत्रुता बाकी रहे।

अथवा

समूह - 'ब'

च) जिस काम में जनहित नहीं, वह काम तजना चाहिए।
जिस काम में लज्जा लगे, उससे न सजना चाहिए।
जिस कार्य से शुभ बुध्दि हो, उस पर सदा ही प्रेम हो।
आत्मा जहाँ उन्नत बने, ऐसे हि अपने नेम हो।

छ) अपनी खुशी की बात को करता हि फिरता आदमी।
पर देश की क्या बात, दिखती नहीं उसको कभी।
जब दुसरो के दु:ख में और सौख्य में सहभागी हो।
तब जिंदगी में किर्ति उसकी, आप फैलेगी कहो।

ज) है पेट छोटा भी तभी, कितना अभी तक खा गया।
है पैर छोटे भी अभी, कितने हि कोसों चल गया।
यह आँख कितनी छोटी है, फिर भी देख अस्मान है।
हे यार। छोटी जान ने, कर दी जगत में तान है।

झ) घर वास्तु को लेकर चलो, या शादी में भी ले चलो।
किसकी जयंती-पुण्यतिथी हो, सम्मेलन या शिबीर लो।
दसवा किसी का, बारसा भी हो, तभी आग्रह करो।
हम सब जगह जाकर कहे, बस राष्ट्र को उन्नत करो।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 15

i) भक्ति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
ii) राम काव्य का परिचय देते हुए काव्यगत विशेषताएँ स्पष्ट किजिए।
iii) सूफी काव्य से क्या तात्पर्य है? साथ ही उनके प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।
iv) संत काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 15

i) महादेवी वर्मा का जीवन परिचय लिखिए।
ii) अज्ञेय का संपूर्ण नाम लिखते हुए उनका परिचय लिखिए।
iii) माखनलाल चर्तुवेदी का हिन्दी साहित्य को योगदान स्पष्ट किजिए।
iv) रविन्द्रनाथ टैगोर का जीवन परिचय लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में लिखिए।

i) राष्ट्र जागृती की आवश्यकता क्यों है। 10
ii) कृष्ण भक्ति काव्य के प्रमुख कवी कौन है?
iii) संत गाडगे बाबा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
iv) जायसी द्वारा रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।
v) 'रामचरित मानस' के रचयिता कौन है?

******